PAIGAM-E-JAGAT

पैग़ाम-ऐ-जगत

'इस दुनिया में किसी के साथ खुद की तुलना मत करो यदि आप ऐसा करते हैं, तो आप खुद का अपमान कर रहे हैं।'
-बिल गेट्स

Title code : CHAMUL00914 | E-mail : Info@paigamejagat.com | रविवार, 5 जुलाई, 2026, साल-1, अंक-348, चंडीगढ़, मुख्य संपादक : दविंदर कुमार, संपर्क-94786-02733

भारत सबसे बड़े ऊर्जा संकट से उबरा : मोदी

देश की सबसे आधुनिक राजस्थान रिफाइनरी का उद्घाटन किया

- 2 हजार तक पहुंच सकती थी घरेलू सिलेंडर की कीमत

बालोतरा, 4 जुलाई (पैगाम-ऐ-जगत)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- पश्चिमी एशिया में हुए युद्ध के कारण 21वीं सदी का सबसे बड़ा ऊर्जा संकट पैदा हो गया था। इस दौरान भारत की दृढ़ शक्ति के कारण सबसे बड़ा संकट भी छोटा हो गया। भारत ने अपने संसाधनों का सही इस्तेमाल किया।

युद्ध के कारण जो हालात पैदा हुए, उसके कारण घरेलू गैस के दाम 2 हजार रुपए तक जा सकते थे। सरकार ने इसको लेकर बेहतर मैनजमेंट किया। इसी का परिणाम है, सिलेंडर 950 रुपए के करीब मिल रहा है।

पीएम राजस्थान के दौरे पर रहे। दोपहर करीब 12 बजे वह बालोतरा के चचपदरा पहुंचे। यहां देश की सबसे आधुनिक रिफाइनरी के

कंट्रोल रूम को देखा और एक्सपर्ट्स से बात की। इसके बाद रिफाइनरी का उद्घाटन किया। जयपुर मेट्रो के फेज-2 की आधारशिला (वर्चुअल) भी रखी।

इससे पहले शनिवार सुबह करीब 10:40 बजे जोधपुर पहुंचे। यहां उन्होंने एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया। नए टर्मिनल को देखा। 'उड़ान-2.0' की शुरुआत भी यहीं से की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को जोधपुर एयरपोर्ट के टर्मिनल के मॉडल को देखा। इस दौरान केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, सिविल एविएशन मंत्री राममोहन नायडू भी मौजूद रहे।

मोदी ने कहा कि अप्रैल से जून के बीच पेट्रोल-डीजल से ही कंपनियों को 75 हजार करोड़ रुपए का घाटा हुआ। ये इतना बड़ा था कि एक नई रिफाइनरी बन जाए। ये घाटा सरकारी खजाने से भरा गया। युद्ध के समय भारत की दूसरे देशों से दोस्ती बहुत काम आई। पहले जहां 25-26 देशों से ईंधन खरीदते थे, वह 40 देशों तक पहुंच गया। युद्ध के समय भारत की डिप्लोमेसी का जलवा दिखा।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने राजस्थान के जल संकट को दूर करने के लिए ठोस काम नहीं किया। भाजपा श्रेयवाद और बंटवारे की सियासत नहीं करती। भाजपा राष्ट्र प्रथम की भावना पर चलती है। हमने जब गुजरात में पानी पहुंचाने की योजनाओं पर काम किया था। राजस्थान को पानी देने की बात आई थी।

मोदी ने कहा कि देश के हर कोने में कई राज्यों में पानी को लेकर लड़ाई चल रही थी। राजस्थान के लोगों को लग रहा था गुजरात नर्मदा का पानी देगा या नहीं। उस समय मैं गुजरात का सीएम था, यहां वहन वसुंधरा सीएम थीं। हम दोनों ने मिलकर बिना किसी विवाद, संघर्ष और लड़ाई के गुजरात से राजस्थान को नर्मदा का पानी साझा किया। राजस्थान के कई गांवों तक नर्मदा का पानी पहुंच रहा है। पीएम मोदी ने कहा- गर्मी के (शेष पेज 2 पर)

पीएम मोदी 13 जुलाई को आ हैं सकते पंजाब

- चुनाव का बिगुल बजाने के लिए जालंधर में बड़ी रैली करेंगे

जालंधर, 4 जुलाई (पैगाम-ऐ-जगत)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने पंजाब आ सकते हैं। वे दो आवा में रैली कर सकते हैं। रेलवे के हाई-लेवल और भारोसेमंद सूत्रों का दावा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 जुलाई को जालंधर कैंट रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करने के लिए खुद पंजाब आएंगे।

चर्चा है कि प्रधानमंत्री मोदी का दौरा सिर्फ रेलवे स्टेशन के उद्घाटन तक ही सीमित नहीं रहेगा, जालंधर में एक बड़ी रैली करने की भी योजना है। इस रैली के जरिए प्रधानमंत्री मोदी आने वाले पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का कैंपेन शुरू कर (शेष पेज 2 पर)

ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले पीएम मोदी को जान से मारने की धमकी मिली

- सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दी गई धमकी
- ऑस्ट्रेलिया की फेडरल पुलिस जांच में जुटी
- प्रधानमंत्री मोदी 8 से 10 जुलाई तक ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर रहेंगे

चंडीगढ़, 4 जुलाई (पैगाम-ऐ-जगत)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले जान से मारने की धमकी मिलने का मामला सामने आया है। इस धमकी के बाद ऑस्ट्रेलियन फेडरल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। द ऑस्ट्रेलिया टुडे की एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह धमकी फेसबुक पर 'मेलबर्न मीट्स मोदी' प्रोग्राम के प्रमोशन से जुड़े एक पोस्ट के तहत दी गई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, अबू मुसाफा नाम के एक फेसबुक अकाउंट से कमेंट में लिखा गया, 'प्रोग्राम के दौरान स्टेडियम की छत बंद रहनी चाहिए, नहीं तो वह गलने के लिए ऑस्ट्रेलिया आएगे।' यह प्रोग्राम 9 जुलाई को मेलबर्न के मार्वल स्टेडियम में होना है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शामिल होने की संभावना है। धमकी मिलने के बाद उसी दिन इसकी जानकारी ऑस्ट्रेलियन फेडरल पुलिस को दे दी गई थी। जांच एजेंसियों ने इस संदिग्ध मीडिया पोस्ट से जुड़े यूजर प्रोफाइल की पहचान कर ली है और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 8 से 10 जुलाई तक ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर रहेंगे। उनके दौरे के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी किए जाने की संभावना है।

संसद का मानसून सेशन 20 जुलाई से 13 अगस्त तक चलेगा; राष्ट्रपति ने दी मंजूरी

नई दिल्ली, 4 जुलाई (पैगाम-ऐ-जगत)

संसद का मानसून सेशन 20 जुलाई से शुरू होगा। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने अपने X हैंडल पर एक पोस्ट में कहा कि, भारत सरकार की सिफारिश पर, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 20 जुलाई से 13 अगस्त तक संसद के दोनों सदनों को बुलाने की मंजूरी दे दी है।



संसदीय परंपरा के अनुसार, मानसून सेशन की शुरुआत राष्ट्रपति के दोनों सदनों की जॉइंट मीटिंग को संबोधित करने से होगी। राष्ट्रपति के भाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर दोनों सदनों में चर्चा भी होगी। लगभग तीन हफ्ते तक चलने वाले इस मानसून सेशन के दौरान, सरकार का लक्ष्य कई अहम बिल पास कराना होगा। केंद्रीय संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने अपने X हैंडल पर लिखा कि, भारत सरकार की सिफारिश पर, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मानसून सेशन के लिए संसद के दोनों सदनों को बुलाने की मंजूरी दे दी है। यह सत्र 20 जुलाई से 13 अगस्त तक चलेगा। रिजिजू ने कहा कि मानसून सत्र के दौरान राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर सार्थक बहस, चर्चा और निर्णय लिए जाएंगे।

बद्रीनाथ मंदिर में दान की चोरी का आरोप; मंदिर ट्रस्ट ने जांच के आदेश दिए

- काल भैरव सेना के अध्यक्ष संजीव खत्री ने आरोप लगाया है कि बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति से जुड़े एक कर्मचारी ने भक्तों के चढ़ावे के साथ छेड़छाड़ की

चंडीगढ़, 4 जुलाई (पैगाम-ऐ-जगत)

बद्रीनाथ मंदिर प्रशासन ने सोशल मीडिया पर मंदिर के एक कर्मचारी द्वारा भक्तों के दान और चढ़ावे के साथ छेड़छाड़ करने के आरोपों के बाद इंटरनल जांच के आदेश दिए हैं।

यह विवाद तब शुरू हुआ जब काल भैरव सेना के अध्यक्ष संजीव खत्री ने आरोप लगाया कि बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति से जुड़े एक कर्मचारी ने भक्तों के चढ़ावे के साथ छेड़छाड़ की है। उन्होंने दावा किया कि यह कथित घटना सुबह 8 बजे से 8.30 बजे के बीच हुई और उन्होंने मंदिर के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज सार्वजनिक करने की मांग की। इसके बाद, आरोप सोशल मीडिया पर तेजी से



वायरल हो गए।

इन दावों पर प्रतिक्रिया देते हुए, बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने कहा कि मामले की जांच के लिए एक इंटरनल जांच समिति बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि अगर जांच के बाद कोई कर्मचारी दोषी पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इसके साथ ही द्विवेदी ने इंटरनेट पर चल रहे उन दावों को खारिज कर दिया कि आरोपी कर्मचारी उनके पर्सनल सेक्रेटरी के तौर पर काम कर रहा था। उन्होंने साफ किया कि वह व्यक्ति मंदिर कमिटी का परमानेंट (रेगुलर) कर्मचारी है और इससे पहले बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर कमिटी के (शेष पेज 2 पर)

सोना इस हफ्ते 6471 रुपए महंगा हुआ, 1.46 लाख पहुंचा

- इस साल 13,145 रुपए बढ़ा, चांदी 17,317 रुपए बढ़कर 2.34 लाख पर पहुंची

नई दिल्ली, 4 जुलाई (पैगाम-ऐ-जगत)

इस हफ्ते सोने-चांदी के दाम में तेजी रही। सोना हफ्तेभर में 6,471 रुपए गिरकर 1.46 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इससे पहले ये बीते हफ्ते यानी 25 जून को 1.40 लाख रुपए पर था।

वहीं, चांदी 2.17 लाख किलो से बढ़कर 2.34 लाख रुपए पर पहुंच गई है। यानी इसकी कीमत 17,317 रुपए बढ़ी। सोने-चांदी के दाम ऑल टाइम हाई से काफी नीचे आ गए हैं, इसलिए निवेशकों के निचले स्तर पर खरीदारी करने से ये तेजी आई है।

इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 13,145 रुपए और चांदी 3,438 रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को 10ए सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.46 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.34 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑलटाइम हाई भी बनाया था।

चंडीगढ़ मेडिकल स्टोर मर्डर का मास्टरमाइंड 'गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों' स्पेन में गिरफ्तार

- कभी लॉरेंस बिश्नोई का करीबी था; उसे भारत लाने की तैयारी

चंडीगढ़, 4 जुलाई (पैगाम-ऐ-जगत)

स्पेन से एक बड़ी खबर सामने आई है, जहां खतरनाक गैंगस्टर गुरप्रीत सिंह उर्फ गोल्डी ढिल्लों को इंटरनेशनल ऑपरेशन के दौरान भारतीय सुरक्षा एजेंसियों और पंजाब पुलिस की मदद से गिरफ्तार किया गया है। गोल्डी ढिल्लों पिछले महीने चंडीगढ़ के सेक्टर-11 में स्थित 'श्री कुमार मेडिकल हॉल' के कैशियर जानकी दास की दिनदहाड़े हुई हाई-प्रोफाइल हत्या का मास्टरमाइंड है। इसके अलावा, उस पर एक विधायक को धमकी देने का भी आरोप है।



गोल्डी ढिल्लों को नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी-एनआईए भी ढूंढ रही है। एनआईए ने उसकी गिरफ्तारी या कोई भी जानकारी देने पर 10 लाख रुपये के नकद इनाम की घोषणा की थी। सुरक्षा एजेंसियां पिछले कई महीनों से विदेश में उस पर नजर रख रही थीं।

स्पेन में उसकी गिरफ्तारी के बाद, भारतीय अधिकारियों ने उसे भारत डिपोर्ट करने के लिए कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। भारत लाने के बाद चंडीगढ़ पुलिस सेक्टर-11 मेडिकल स्टोर फायरिंग मामले में प्रोडक्शन वारंट पर उससे पूछताछ करेगी। गौरतलब है कि पंजाब के राजपुरा का रहने वाला गोल्डी ढिल्लों 2022 में भारत छोड़कर भाग गया था। वह कनाडा के गैंगस्टर गोल्डी बराड़ का बहुत करीबी बताया जाता है। भारत से भागने के बाद भी वह विदेश से पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा (शेष पेज 2 पर)

ई-20 पेट्रोल से गाड़ियों को नुकसान नहीं, बेचने से पहले टेस्टिंग कराई : सरकार

- सुप्रीम कोर्ट में कहा था- अभी एक्सपेरिमेंट, रिजल्ट अगले साल पता चलेगा

नई दिल्ली, ( )

पेट्रोल में एथेनॉल मिलाने को लेकर हो रहे विरोध के बीच शनिवार को सरकार ने कहा कि एथेनॉल ब्लेंडिंग का काम रातों-रात नहीं हुआ। यह एक जांची-परखी, साइंटिफिक और स्टेप-बाय-स्टेप प्रोसेस और इससे गाड़ियों को कई नुकसान नहीं है। इसे पेट्रोल में मिलाने की ग्लोबल प्रैक्टिस अपनाई है और टॉप एजेंसियां भी इसकी टेस्ट कर चुकी हैं।

एथेनॉल ब्लेंडिंग पर दिल्ली में हुई इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स की प्रेस कॉन्फ्रेंस में सरकार की ओर से शामिल एक्सपर्ट वर्तिका शुक्ला ने यह बात कही। वर्तिका शुक्ला ने बताया कि देश में साल 2013 और 2014 के दौरान पेट्रोल में सिर्फ 1.5% एथेनॉल मिलाया जा रहा था। अब इस प्रोग्राम के तहत पेट्रोल में 20% एथेनॉल ब्लेंडिंग की जा रही है। 20% एथेनॉल ब्लेंडिंग के टारगेट को तय समय से पांच (शेष पेज 2 पर)

भारत में क्यों हो रहा विरोध?

भारत में 20% एथेनॉल और 80% पेट्रोल के इस मिश्रण वाली श्र20- पेट्रोल का विरोध हो रहा है। खासकर 2023 से पहले बनी पेट्रोल गाड़ियों के मालिक परेशान हैं। उनका दावा है कि इस फ्यूल से गाड़ियों का माइलेज कम हो रहा, मेंटेनेंस का खर्च बढ़ गया और इंजन के पार्ट्स जल्दी खराब हो रहे हैं। हालांकि, भारत सरकार का कहना है कि एथेनॉल से माइलेज में मामूली कमी जरूर आती है, लेकिन इससे गाड़ी का पिकअप और इंजन परफॉर्मेंस बेहतर होता है।

अयोध्या राम मंदिर की रेकी करने वाला आतंकी घोषित

- आरोपी पाकिस्तान का नागरिक, हाफिज सईद का रिश्तेदार, 23 आतंकियों की लिस्ट में 17 पाकिस्तानी निकले

(पैगाम-ऐ-जगत)

नई दिल्ली : केंद्र सरकार ने शनिवार को 23 लोगों को आतंकी घोषित किया। इनमें एक आतंकी वो भी है जो अयोध्या में राम मंदिर और नागपुर में आरएसएस कार्यालय की रेकी में शामिल है।

आतंकी की पहचान मोहम्मद मुसादिक के रूप में हुई। वह हाफिज सईद का रिश्तेदार है। हालांकि ये रेकी मुसादिक ने खुद की या करवाई थी और रेकी कब की गई। इसकी जानकारी सामने नहीं आई। सरकार का कहना है कि लिस्ट में शामिल सभी आतंकी जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा, द रेजिस्टेंस फ्रंट और जमात-उद-दावा जैसे प्रतिबंधित आतंकी संगठनों से जुड़े हैं।

ये लोग आतंकियों की भर्ती, भारत में घुसपैठ, आतंकी हमलों को सालिश, आतंक के लिए पैसे जुटाने, हथियार पहुंचाने और अन्य मदद करने में शामिल रहे हैं। घोषित 23 आतंकियों में 6 जम्मू-कश्मीर के मूल निवासी हैं, जबकि 17 पाकिस्तानी हैं। इनमें 7 पीओके (पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर) और 10 पाकिस्तान में रह रहे हैं। इन 23 नामों के जुड़ने के बाद सरकार की तरफ से घोषित आतंकियों की संख्या बढ़कर 80 हो गई।

टेलीग्राम पर फिल्में और वेब सीरीज फ्री नहीं मिलेंगी

- 15 दिन में पायरेटेड कंटेंट हटाएं; शिकायत का इंतजार न करें, एक्शन लें : सरकार

नई दिल्ली, 4 जुलाई (पैगाम-ऐ-जगत)

अब टेलीग्राम एप पर फ्री पायरेटेड फिल्में और वेब सीरीज नहीं मिल पाएंगी। केंद्र सरकार ने टेलीग्राम से फिल्मों और OTT कंटेंट के पायरेटेड वर्जन देने वाले चैनल्स और ग्रुप्स को अपने प्लेटफॉर्म से हटाने को कहा है।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने आज कंपनी को नोटिस भेजा। मंत्रालय ने कहा कि टेलीग्राम अगले 15 दिन में पायरेटेड कंटेंट पर लिए एक्शन की रिपोर्ट सौंपे। एप को 3 दिन में सरकार का दूसरा नोटिस मिला है। इससे पहले टेलीग्राम को 2 जुलाई को एक नोटिस भेजा गया था, जिसमें आईटी मिनिस्ट्री ने यूजरनेम फीचर और यूजर्स की प्राइवेसी पर सवाल पूछे थे। सूत्रों के मुताबिक, सरकार ने टेलीग्राम से कहा कि आप एक्शन लेने के लिए शिकायतों का इंतजार न करें। पायरेटेड कंटेंट को अपने प्लेटफॉर्म पर आने से रोकने के

लिए पुख्ता सिस्टम बनाएं। आपका सुस्त रवैया इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के नियम और शर्तों को पूरा नहीं करता है। सरकार ने कंपनी को बार-बार नियमों का उल्लंघन करने वाले चैनलों, ग्रुप्स, बॉट्स, अकाउंट्स, एडमिनिस्ट्रेटर और उनसे जुड़ी संस्थाओं के खिलाफ एक्शन लेने का निर्देश दिया है। पहले भी पायरेसी कंटेंट फैलाने वाले 3000 से ज्यादा टेलीग्राम चैनलों पर कार्रवाई हो चुकी है। सरकार ने चेतावनी दी है कि आगे भी ऐसा कंटेंट मिलता है तो कार्रवाई की जाएगी।

राममंदिर : सोने से मढ़ी रामचरितमानस चोरी होने का पूर्व आईएएस अधिकारी का दावा

- बोले-5 करोड़ कीमत थी, चंपत राय ने रसीद नहीं दी, कहा-मैं कुछ नहीं कर सकता

अयोध्या, 4 जुलाई (पैगाम-ऐ-जगत)

अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के बीच पूर्व केंद्रीय गृह सचिव लक्ष्मी नारायण ने दावा किया कि उनकी सोने से मढ़ी रामचरितमानस चोरी हो गई। उन्होंने कहा कि 8 अप्रैल 2024 को राम मंदिर ट्रस्ट को सवा क्विंटल की रामचरितमानस भेंट की थी, लेकिन आज तक उन्हें इसकी रसीद नहीं मिली। इतना ही नहीं, 3-4 महीने बाद मंदिर से रामचरितमानस गायब हो गई। इस रामायण के 1000 पन्नों पर 24 कैरेट सोने की परत चढ़ाई गई। इसकी कीमत 5 करोड़ थी।

उन्होंने एक मीडिया चैनल से बातचीत में कहा- मैं अयोध्या पहुंचा, तो चंपत राय ने 9 घंटे तक इंतजार करवाया। मैंने उनसे हाथ जोड़कर कहा- सर, मेरी पूरी जिंदगी की पूंजी है। रामचरितमानस को मंदिर में रखवा दीजिए। तब उन्होंने कहा- मेरे पास कई लोगों के आभूषण और कई तरह की चीजें आती हैं, तो क्या मैं सिर्फ इन्हीं सब का डिस्प्ले करता रहूं?

पूर्व आईएएस ने कहा- मैंने मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा और ट्रस्ट मेंबर गोपाल राय से संपर्क किया, लेकिन कुछ नहीं हुआ। फिर मैं दोबारा अयोध्या गया। 4 घंटे इंतजार के बाद चंपत राय मिले। उन्होंने मुझसे कहा- मैं कुछ नहीं कर सकता, आपको जहां जाना है, जाइए।

पंजाब कांग्रेस में टूट का डर

- दिल्ली हाईकमान ने पूर्व सीएम चन्नी को बड़े फैसले से रोका

लुधियाना, 4 जुलाई (पैगाम-ऐ-जगत)

बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की तरह पंजाब में 2027 के विधानसभा चुनाव से 8 महीने पहले ही टूट के आसार बने हुए हैं। सांसद राजा वड़िंग को प्रधान बनाए रखने को लेकर पूर्व सीएम व जालंधर से सांसद चरणजीत चन्नी के बगावती तेवर देख कांग्रेस हाईकमान एक्टिव हो गया। दिल्ली से एक सीनियर नेता ने चन्नी को कॉल कर अभी कोई बड़ा कदम न उठाने को कहा।

चन्नी के करीबी सोर्स के मुताबिक नेता ने भरोसा दिलाया कि राहुल गांधी 7 जुलाई को विदेश से लौट आएंगे, उसके बाद चन्नी की उनसे मीटिंग करा दी जाएगी। वहीं इस मामले में कांग्रेस प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग पहली

चलना चाहिए।

राजा वड़िंग ने चन्नी का समर्थक करने वाले चुनाव हारे नेताओं को भी संकेत दिया कि उनकी टिकट काटी जा सकती है।

वहीं पंजाब कांग्रेस के प्रभारी भूपेश बघेल भी इसको लेकर हरकत में आ गए हैं। वह अगले कुछ ही दिनों में चंडीगढ़ पहुंचकर मौजूदा प्रधान सांसद अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग और पूर्व सीएम सांसद चरणजीत चन्नी से मुलाकात कर सकते हैं।

वहीं शुक्रवार को सांसद अमरिंदर राजा वड़िंग को प्रधान बनाए रखने पर पूर्व सीएम

आगरा : पति की हत्या करके बाथरूम में दफनाया, फर्श बनवाया

- उसी पर नहाती रही, 45 दिन बाद खुलासा
- बोली- पीटता था, इसलिए मार डाला

आगरा, 4 जुलाई (पैगाम-ऐ-जगत)

आगरा में महिला ने पति की हत्या कर शव को घर के बाथरूम में दफना दिया। ऊपर से फर्श बनवा दी और उसी बाथरूम में रोजाना नहाती रही। 45 दिनों तक पुलिस और घरवालों को गुमराह किया।

जांच के दौरान महिला पुलिस के साथ सीसीटीवी फुटेज देखती रही और रोने का नाटक करती रही। महिला के जेठ को उसके व्यवहार से शक हो गया। उसने महिला से कहा कि अगर कोई परेशानी हो तो वह साथ देगा। इसके बाद महिला ने जुर्म कबूल कर लिया।

पुलिस ने उसकी निशानदेही पर बाथरूम का फर्श तोड़ा, जहां से केवल कंकाल बरामद हुआ।

मैंने खीर में 18 से ज्यादा नींद की गोलियां मिलाकर पति को खिला दीं, जिससे उसकी मौत हो गई। मैंने जेठ को फोन कर राजस्थान से बुलाया, लेकिन उन्हें घर के अंदर नहीं आने दिया।

मैं दोनों बच्चों और सास को घर से करीब 100 मीटर दूर ले गई। फिर वहीं से तीनों को जेठ

इंडिया बनाम इंग्लैंड दूसरा टी20

इंग्लैंड ने इंडिया को चार विकेट से हराया

- जैकब बेथेल ने शानदार बैटिंग करके जीत पक्की की
- 19 ओवर में 191 रन का टारगेट हासिल किया

मैनचेस्टर, 4 जुलाई (पैगाम-ऐ-जगत)

इंग्लैंड ने पांच मैचों की टी-20 सीरीज के दूसरे मैच में इंडिया को 4 विकेट से हरा दिया। इंडिया द्वारा दिए गए 191 रन के टारगेट को इंग्लैंड ने 19 ओवर में 6 विकेट खोकर हासिल कर लिया।

इंग्लैंड की शुरुआत बहुत खराब रही। फिल साल्ट पहली ही बॉल पर बिना खाता खोले आउट हो गए, जबकि जोस बटलर भी सिर्फ तीन बॉल खेलकर बिना कोई रन बनाए पवेलियन लौट गए। दोनों को अर्शदीप सिंह ने आउट किया।

इसके बाद कप्तान हैरी ब्रूक ने सिर्फ 15 बॉल पर 39 रन की पारी खेली, जिसमें चार चौके और तीन छक्के शामिल थे। वहीं, जैकब बेथेल ने एक छोर से पारी को आगे बढ़ाया और 46 बॉल पर नाबाद 76 रन बनाए। अपनी पारी के दौरान सैम कुरेन ने 7 रन बनाए, जबकि जोफ्रा आर्चर 10 रन बनाकर नाबाद रहे और टीम को जीत दिलाई। भारत के लिए अर्शदीप सिंह सबसे सफल बॉलर रहे। उन्होंने तीन विकेट लिए।

अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती और हर्षित राणा (बाकी पेज 2 पर) को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले, भारत ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 190 रन बनाए थे, लेकिन इंग्लिश बैट्समैन ने आग्रेसिव बैटिंग करते हुए यह टारगेट एक ओवर पहले ही हासिल कर लिया।

भारत के लिए विकेटकीपर बैट्समैन संजीव किशन ने सबसे

मैडम बख्श संघा की किताब 'तूर चान दी तोर' का विमोचन और कवि दरबार

पटियाला, 4 जुलाई
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

मशहूर कवि मैडम बख्श संघा की किताब 'तूर चान दी तोर' का विमोचन और कवि दरबार कनाडा के एडमॉटन में खूबसूरत एडमॉटन पब्लिक लाइब्रेरी मीडोज 17 स्ट्रीट में सब रंग साहित्य सभा और विश्व पंजाबी सभा कनाडा की मिली-जुली पहल से हुआ, जिसकी अध्यक्षता मशहूर कवि और कहानीकार दलबीर सिंह रियार, अमृतपाल सिंह अमृत और सतनाम सिंह गहले ने की। सब रंग साहित्य सभा के संरक्षक बलविंदर बालम ने 'तूर चान दी तोर' किताब पर अपने विचार रखते हुए कहा कि यह बोलियों और तपस पर लिखी गई किताब है। इसमें 668 बोलियां और 245 तपस हैं। ये बोलियां, परंपराओं से हटकर, मॉडर्न स्टाइल और क्राफ्ट के स्टाइल से लैस हैं, और सामाजिक बदलावों, और रिश्तों के टूटने से जूझ रहे लोगों के दुख, खुशी और मुश्किलों पर तीखी आलोचना करती हैं। ये बोलियां एक नया एक्सपेरिमेंट हैं। मैडम बख्श ने खून, रिश्तेदारों के बीच रिश्ते, मर्द और औरत के बीच रिश्ते, सास-ससुर के साथ रिश्ते, साधुओं के मठ, किसानों से जुड़े, दहेज, सामाजिक और राजनीतिक हालात, माइग्रेशन और बेबीलोन जैसे कई मौजूदा विषयों पर मार्मिक बोलियों और तपस लिखकर नए स्टैंडर्ड तय किए हैं। बोलियों और तपस में लय, तकनीक, इमेजरी, सिंबल, मेटाफर वगैरह कहावतों, लोककथाओं और लोक कथाओं का रूप भी ले लेते हैं। इनमें पारंपरिक और प्रैक्टिकल बातें दिखती हैं। यह अनुभव, संस्कृति और शिक्षा पर आधारित असरदार रचना है। आम बोलचाल की भाषा में वाक्य असरदार और सटीक हैं। गानों का दूसरा नाम भी यही है। खासकर कनाडा में रह रहे पंजाबियों के मौजूदा हालात, टूटते रिश्तों और गलत तरीकों से काम में घुसने, कानून का गलत इस्तेमाल करके पैसे की होड़ का भी जिक्र किया गया है। यह मैडम बख्श का रिसर्च वर्क है जो तारीफ के काबिल है। वह बधाई की हकदार हैं। कवि दरबार में दलबीर सिंह रियार, अमृत पाल अमृत, बलविंदर बालम, सतनाम सिंह गहले, करनैल सिंह जर्मनी, जसवीर सिंह संघा, दर्शन सिंह, सुखदेव सिंह, नरिंदर सिंह मैनेजर, हरजिंदर सिंह, डीएस पारस, स्वर्ण सिंह बराड़, जोगिंदर सिंह बराड़, सुखविंदर सिंह डिल्लों, दर्शन सिंह सरां, भूपिंदर सिंह संधू, उर्दूमान सिंह गिल, अमरजीत सिंह बराड़, सरबजीत सिंह सिद्धू और अजमेर सिंह राय ने हिस्सा लिया। करनैल सिंह ने स्टेज मैनेजर की भूमिका अच्छे से निभाई।

राजू ब्रदर्स वेलफेयर सोसायटी यूके और पंजाब के मौके पर भूपिंदर राणा के जन्मदिन पर व्हीलचेयर गिफ्ट

गढ़शंकर,
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

रामपुर झुग्गियों की गुरविंदर कौर चल नहीं पा रही थीं। राणा जी के जन्मदिन के मौके पर व्हीलचेयर दी गई। समाज ने पहले ही हजारों जरूरतमंद लोगों को तिपहिया और व्हीलचेयर दे दी है। हैप्पी साधोवाल ने कहा कि हजारों जरूरतमंद लोगों की मदद की गई है। केक काटकर नहीं, ये व्हीलचेयर देकर अपना जन्मदिन मनाते हैं। डॉ. लखविंदर लकी ने कहा कि डॉ. अमरजीत राजू लगातार विकलांगों और जरूरतमंदों की मदद कर रहे हैं। वह बहुत जल्द एक मेगा कैंप लगा रहे हैं। अपने जन्मदिन पर उन्होंने कहा कि हमें उनका जन्मदिन दूसरों की मदद से उसी तरह मनाना चाहिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी कोमल मित्तल ने निर्वाचन अमले को विशेष गहन पुनरीक्षण समयबद्ध एवं त्रुटिरहित ढंग से पूरा करने के दिए निर्देश

- एडीसी गीतिका सिंह ने एसआईआर-2026 के तहत फील्ड गतिविधियों की समीक्षा की, गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन की प्रगति का लिया जायजा

खरड़/साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर, 4 जुलाई
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) के अंतर्गत चल रही गतिविधियों के क्रम में अतिरिक्त उपायुक्त-सह-अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री गीतिका सिंह ने एसडीएम-सह-निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, विधानसभा क्षेत्र-52 खरड़, श्री गुरमीत सिंह के साथ क्षेत्र का दौरा कर पुनरीक्षण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।

दौरे के दौरान अधिकारियों ने गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन की प्रगति का जायजा लिया तथा इस कार्य में लगे बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) से बातचीत की। उन्होंने बीएलओ के समर्पण एवं मेहनत की सराहना करते हुए उन्हें निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण शुद्धता के साथ कार्य संपन्न करने के लिए प्रेरित किया। उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती कोमल मित्तल ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण मतदाता सूची को सही, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाए रखने की एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गणना प्रपत्र का डिजिटाइजेशन पूरी सावधानी से किया जाना चाहिए तथा सभी निर्वाचन अधिकारी एवं कर्मचारी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें।

श्रीमती मित्तल ने कहा कि जिला प्रशासन नियमित क्षेत्रीय निरीक्षणों एवं समीक्षा बैठकों के माध्यम से इस प्रक्रिया की सतत निगरानी कर रहा है। उन्होंने सभी बूथ लेवल अधिकारियों तथा निर्वाचन अमले से पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करते हुए इस प्रक्रिया को पारदर्शी, सटीक एवं निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जिला निर्वाचन प्रशासन विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 को प्रभावी एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है, ताकि भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित मानदंडों के अनुरूप प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित किया जा सके।

5 जुलाई को होगा जिला स्तरीय 'ग्रीनाथान-वन महोत्सव 2026'

- दौड़, ग्रीन साइकिल रैली और वृक्षारोपण के माध्यम से दिया जाएगा पर्यावरण संरक्षण का संदेश

एस ए एस नगर, 4 जुलाई
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

वन महोत्सव-2026 के संबंध में वन एवं वन्यजीव संरक्षण विभाग, पंजाब द्वारा डिवीजनल फॉरेस्ट ऑफिसर, एस.ए.एस. नगर श्री अमनीत सिंह, आई.एफ.एस. के नेतृत्व में जिला स्तरीय 'ग्रीनाथान-वन महोत्सव 2026' का आयोजन रविवार, 5 जुलाई को किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करना, हरियाली को प्रोत्साहित करना और वृक्षारोपण के संदेश को जन-आंदोलन का रूप देना है।

यह कार्यक्रम फेज-5 पार्किंग, योगनविलिया पार्क के सामने, मोहाली से आरंभ होकर श्री अंब साहिब गुरुद्वारा, मोहाली में संपन्न होगा। लगभग 3 किलोमीटर के मार्ग के लिए प्रतिभागियों से सुबह 5:30 बजे तक पहुंचने की अपील की गई है। सुबह 6:00 बजे वार्म-अप सत्र के उपरांत सुबह 6:30 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ग्रीनाथान दौड़ और ग्रीन साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा।

कार्यक्रम में शैक्षणिक संस्थानों, साइक्लिंग क्लबों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों, युवा क्लबों, समाजसेवी और पर्यावरण प्रेमी संस्थाओं, विभिन्न सरकारी विभागों, कॉर्पोरेट संस्थानों तथा आम नागरिकों की बड़ी संख्या में भागीदारी की उम्मीद है। इच्छुक व्यक्ति ग्रीनाथान दौड़ या ग्रीन साइकिल रैली में भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त कर सकते हैं। वन विभाग के अनुसार यह पहल केवल दौड़ या साइकिल रैली तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों को वृक्षारोपण, स्वस्थ जीवन-शैली अपनाने, प्रदूषण-रहित परिवहन साधनों को प्रोत्साहित करने और भविष्य की पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं हरित वातावरण सृजित करने के लिए प्रेरित करने का एक साझा प्रयास है। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों को जलपान उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही प्रत्येक प्रतिभागी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता के प्रतीक स्वरूप एक पौधा भी भेंट किया जाएगा। वन एवं वन्यजीव संरक्षण विभाग, पंजाब ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस हरियाली मुहिम में अधिक से अधिक भागीदारी कर पर्यावरण संरक्षण के लिए अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाएं और 'ग्रीनाथान-वन महोत्सव 2026' को सफल बनाने में अपना योगदान दें।

विधायक कुलवंत सिंह ने लोक मिलनी कार्यक्रम के दौरान रायपुर खुर्द और सुखगढ़ के विकास कार्यों का लिया जायजा

लोगों की समस्याएं सुनकर अधिकारियों को मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर, 4 जुलाई
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

विधानसभा क्षेत्र मोहाली के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे लोक मिलनी कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत विधायक कुलवंत सिंह ने आज गांव रायपुर खुर्द और सुखगढ़ का दौरा कर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को उनके शीघ्र एवं उचित समाधान के निर्देश दिए।

इस अवसर पर विधायक कुलवंत सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार पारदर्शी, जवाबदेह एवं जन-केंद्रित प्रशासन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और सामाजिक कल्याण के क्षेत्रों में शुरू की गई जनहितैषी योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंच रहा है।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी द्वारा विधानसभा चुनाव के दौरान जनता से किए गए अधिकांश वादों को सरकार ने पूरा किया है तथा अब पंजाब के सर्वांगीण विकास को और अधिक गति प्रदान की जा रही है।

विधायक ने कहा कि सरकार बनने के बाद 600 यूनिट तक मुफ्त बिजली की सुविधा लागू की गई, जिसका लाभ बड़ी संख्या में परिवारों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में मोहल्ला क्लीनिकों के माध्यम से लोगों को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श, जांच एवं दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं तथा अब तक करोड़ों लोग इन सेवाओं का लाभ उठा चुके हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत 10 लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे लाखों परिवार लाभान्वित हो रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में सरकारी विद्यालयों के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने, नए कक्षों के निर्माण तथा आवश्यक स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए भी विशेष प्रयास किए गए हैं।

रोजगार के विषय में उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार अब तक हजारों युवाओं को नियमित सरकारी नौकरियां प्रदान कर चुकी है तथा कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने की प्रक्रिया भी लगातार जारी है। विकास कार्यों की जानकारी देते हुए विधायक कुलवंत सिंह ने बताया कि गांव सुखगढ़ की फिरनी के लिए रंगला पंजाब योजना के तहत 2 लाख रुपये जारी किए गए हैं। इसके अतिरिक्त जनरल धर्मशाला के लिए 5 लाख रुपये तथा फिरनी पर पेवर ब्लॉक लगाने हेतु रंगला पंजाब-3 योजना के अंतर्गत 4 लाख रुपये शीघ्र जारी किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि गांव रायपुर खुर्द में रंगला पंजाब-2 योजना के तहत आंगनवाड़ी केंद्र के लिए 4 लाख रुपये जारी किए गए हैं। इसके अलावा रंगला पंजाब-3 योजना के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र के लिए अतिरिक्त 4 लाख रुपये तथा पंचायत घर के लिए 5 लाख रुपये भी शीघ्र जारी किए जाएंगे।

इस अवसर पर सरपंच कुलवीर कौर, बलकार सिंह, वरिष्ठ उपमहापौर कुलदीप सिंह समाना, उपमहापौर राजेंद्र प्रसाद शर्मा, हरपाल सिंह चन्ना सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

ऊना में अनुसूचित जाति कल्याण योजनाओं के प्रचार के लिए 6 जुलाई से विशेष जागरूकता अभियान

ऊना, 4 जुलाई
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

हिमाचल सरकार की अनुसूचित जाति कल्याण योजनाओं को लेकर प्रदेशव्यापी प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में ऊना जिले में यह विशेष अभियान 6 जुलाई से शुरू होगा। अभियान के तहत सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से जुड़े नाट्य दल गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को सरकारी कल्याणकारी योजनाओं और उनके लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया की जानकारी देंगे। इसका उद्देश्य योजनाओं की जानकारी सीधे लोगों तक पहुंचाना और सामाजिक जागरूकता बढ़ाना है।

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक राजीव कुमार ने बताया कि ऊना जिले में यह अभियान दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। जिले के 20 अनुसूचित जाति बहुल्य गांवों में कार्यक्रम होंगे, जिसमें प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 4-4 कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अभियान में नशामुक्ति और सामाजिक जागरूकता पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।

प्रथम चरण में यहां होंगे कार्यक्रम

उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में आरके कलामंच चिंतपूर्णी द्वारा 6 से 10 जुलाई तक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें गीत संगीत और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से अनुसूचित जाति के कल्याण की सरकारी नीतियों, कार्यक्रमों और विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि 6 जुलाई को अंब के धंघेरेट और बामबनसेरा गांव, 7 को गुरेर और भरवां उर्फ कंगरूही, 8 को गगरेट के डंगोह खास और गोंदपुर बनेहड़ा अप्पर, 9 को कैलाश नगर और गगरेट अप्पर तथा 10 जुलाई को बंगाणा के मोठखास और सकोहरा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे।

दूसरे फेज में यहां होंगे जागरूकता कार्यक्रम

वहीं, दूसरे चरण में पूर्वी कलामंच जलप्रां टब्बा द्वारा 14 से 18 जुलाई तक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें 14 जुलाई को हरोली के जोड़ियां और जननी, 15 को हरोली के जंगल पंजावर और भदसाली थोलियां, 16 को ऊना के बढ़ोही और लमलोहड़ी अप्परली, 17 को ऊना के जखेड़ा और बहडाला लोअर तथा 18 जुलाई को परोहरां कलां और पनसाई में गीत संगीत व नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को मनोरंजन के साथ जनहित में संचालित योजनाओं बारे जानकारी दी जाएगी।

नशा विरोधी अभियान के तहत जिला पुलिस ऊना द्वारा विद्यार्थियों को किया गया जागरूक

पैग़ाम-ऐ-जगत
ऊना, 4 जुलाई (राजवीर चोपड़ा)

'एंटी चिट्टा अभियान' के तहत जिला पुलिस ऊना द्वारा जिला के विभिन्न संस्थानों/विद्यालयों, ग्राम पंचायतों व नगर निगम कार्यालयों आदि में लगातार नशा विरोधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

इसी कड़ी में दिनांक 04-07-2026 को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला ऊना श्री संजीव कुमार भाटिया द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नंगलखुर्द में स्कूल विद्यार्थियों व उपस्थिति शिक्षकों को चिट्टा (हेरोइन) सहित अन्य मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे जागरूक किया गया ।

इस दौरान युवाओं दौरान विद्यार्थियों को छात्र-छात्रा के अंतर्गत मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव एवं कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों के पालन, साइबर अपराधों से बचाव, डिजिटल प्लेटफॉर्म के सुरक्षित उपयोग तथा जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हुये नशे से दूर रहकर स्वस्थ, अनुशासित एवं सकारात्मक जीवन शैली अपनाने का आह्वान किया तथा सभी उपस्थित विद्यार्थियों, अध्यापकों एवं अन्य प्रतिभागियों को 'एंटी चिट्टा शपथ' दिलाई व समाज को नशामुक्त बनाने के लिए सक्रिय सहभागिता निभाने का संकल्प दिलाया।

जिला पुलिस ऊना का संकल्प है कि 'नशा मुक्त ऊना' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एंटी चिट्टा अभियान के अंतर्गत प्रभावी प्रवर्तन, सतत निगरानी एवं जनसहभागिता के माध्यम से ऐसे अभियान निरंतर जारी रहेंगे। आमजन से अपील है कि नशे के विरुद्ध इस जन-अभियान में अपना सहयोग दें तथा मादक पदार्थों या प्रतिबंधित दवाओं की अवैध बिक्री अथवा तस्करी संबंधी किसी भी सूचना की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

पेज एक का शेष

भारत सबसे बड़े...

इस मौसम में इतनी बड़ी संख्या में लोगों का जुटना यह दिखाता है भाजपा सरकार के प्रयासों पर आपका विश्वास कितना बुलंद है। मैं इस समर्थन के लिए राजस्थान की माटी का ऋणी हूं। आज राजस्थान की इस धरती से भारत ने विकसित होने, आत्मनिर्भर होने की दिशा में बहुत बड़ा कदम उठाया है। आज का दिन साक्षी है कि भाजपा सरकारें परियोजनाओं का शिलान्यास करके नहीं छोड़तीं। हम उनको पूरा करने में दिन-रात एक कर देते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- दो महीने पहले रिफाइनरी में जो हादसा हुआ, उसके बाद इतनी तेजी से काम पूरा करना, ये कठिन परिश्रम का परिणाम है। सभी ने दिखा दिया, चुनौती कितनी भी बड़ी क्यों न हो, नया भारत अपने संकल्पों से न तो पीछे हटता है और न ही रफ्तार कम करता है।

चंडीगढ़ मेडिकल स्टोर...

और दिल्ली-NCR इलाके में अपना क्रिमिनल नेटवर्क चला रहा था। वह वहीं से फोन के जरिए बिजनेसमैन और नेताओं से जबरन वसूली और टारगेट किलिंग कर रहा था। अधिकारियों को उम्मीद है कि गोल्डी से पूछताछ में कई दूसरे विदेशी गैंगस्टर नेटवर्क के बारे में भी बड़े खुलासे हो सकते हैं। संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से 13 अगस्त तक चलेगा; राष्ट्रपति ने दी मंजूरी

संसद का मॉनसून सेशन 20 जुलाई से शुरू होगा। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने अपने ट्रू हैंडल पर एक पोस्ट में कहा कि, भारत सरकार की सिफारिश पर, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 20 जुलाई से 13 अगस्त तक संसद के दोनों सदनों को बुलाने की मंजूरी दे दी है। संसदीय परंपरा के अनुसार, मॉनसून सेशन की शुरुआत राष्ट्रपति के दोनों सदनों की जॉइंट मीटिंग को संबोधित करने से होगी। राष्ट्रपति के भाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर दोनों सदनों में चर्चा भी होगी। करीब तीन हफ्ते तक चलने वाले इस मॉनसून सेशन के दौरान, सरकार का लक्ष्य कई अहम बिल पास कराना होगा। केंद्रीय संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने अपने ट्रू हैंडल पर लिखा कि, भारत सरकार की सिफारिश पर, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मॉनसून सेशन के लिए संसद के दोनों सदनों को बुलाने की मंजूरी दे दी है। यह सेशन 20 जुलाई से 13 अगस्त तक चलेगा। रिजिजू ने कहा कि मॉनसून सेशन के दौरान राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर सार्थक बहस, चर्चा और फ़ैसले लिए जाएँगे।

पीएम मोदी 13...

सकते हैं। प्रधानमंत्री के संभावित दौरे की खबर के बाद, एडमिनिस्ट्रेशन, रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स और पंजाब पुलिस हाई अलर्ट पर हैं। स्टेशन के आसपास सिक्योरिटी कड़ी की जा रही है। अगर प्रधानमंत्री मोदी का दौरा 13 जुलाई को होता है, तो यह पंजाब की पॉलिटिक्स और डेवलपमेंट दोनों के लिहाज से एक बड़ा और दूरगामी टर्निंग पॉइंट होगा। जनरल मैनेजर राजेश कुमार पांडे ने ऑफिशियली प्लान को कन्फर्म नहीं किया और कहा कि हायर अथॉरिटीज से मिले ऑर्डर के आधार पर शेड्यूल तय किया जाएगा। हालांकि, देश भर के रेलवे स्टेशनों को मॉडर्न बनाने के लिए चल रहे प्रोग्राम 'अमृत भारत स्टेशन स्कीम' के तहत जालंधर कैंट रेलवे स्टेशन को पूरी तरह से नया रूप दिया गया है।

बद्रीनाथ मंदिर में...

तीन पूर्व चेयरमैन के पर्सनल असिस्टेंट के तौर पर भी काम कर चुका है।

दूसरी ओर, बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर कमिटी के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर सोहन सिंह रांगड़ ने कहा कि आरोप लगने के बाद मंदिर के सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई थी। हालांकि, उन्होंने कहा कि मौजूदा फुटेज इन आरोपों की सच्चाई की पुष्टि करने के लिए काफी साफ नहीं है। मंदिर कमिटी की अपील: मंदिर कमिटी ने आम जनता से अपील की है कि जांच पूरी होने तक किसी भी तरह की बिना वेरिफाइड या गुमराह करने वाली जानकारी न फैलाएं। कमिटी ने कहा कि यह मामला दुनिया भर में मशहूर बद्रीनाथ धाम से जुड़े करोड़ों भक्तों की आस्था से जुड़ा है, इसलिए तथ्य सामने आने से पहले किसी नतीजे पर नहीं पहुंचना चाहिए।

ई-20 पेट्रोल से...

साल पहले यानी दिसंबर 2025 तक ही पूरा कर लिया गया है। सरकार ने 4 दिन पहले सुप्रीम कोर्ट में कहा था कि पेट्रोल में 20% एथेनॉल मिलाने का प्रोग्राम अभी भी एक्सपेरिमेंट है। इसका पूरा असर अगले साल तक पता चलेगा।

पंजाब कांग्रेस में...

मोरिंडा में 50 से ज्यादा नेता इकट्ठे कर हाईकमान का फैसला रिजेक्ट कर दिया। चन्नी इस वक्त ठीक उसी स्टाइल में पार्टी हाईकमान पर प्रेशर बना रहे हैं, जैसे नवजोत सिद्धू ने प्रधान रहते 2021 में कैप्टन अमरिंदर सिंह को सीएम की कुर्सी से हटवा दिया था। हालांकि उसके बाद सिद्धू की जगह चन्नी सीएम बन गए। पॉलिटिकल एक्सपर्ट्स का मानना है कि चन्नी के इस स्टैप से कांग्रेस की अंदरूनी गुटबाजी सड़क पर आ गई है। अब वह हाईकमान पर प्रेशर बनाने में कामयाब होते हैं या नहीं, लेकिन इसका खामियाजा कांग्रेस को विधानसभा चुनाव 2027 में झेलना ही पड़ेगा।

आगरा: पति की...

गई और गड्ढा खोदकर दफना दिया। जेठ को बताया कि पति उससे झगड़ा कर 5 हजार रुपए लेकर चला गया है। फिर खुद भी राजस्थान चली गई। 8 दिन बाद लौटकर आई और मजदूर बुलवाकर बाथरूम में फर्श बनवा दी।

इंग्लैंड ने इंडिया...

श्रेयस अय्यर ने 37 रन की अहम पारी खेली। भारत के लिए सबसे कम उम्र में इंटरनेशनल डेब्यू करने वाले वैभव सूर्यवंशी ने 14 रन बनाए। तिलक वर्मा ने आखिरी ओवरों में तेज बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 24 रन बनाए, जिसकी बदौलत भारतीय टीम 190 रन तक पहुंचने में सफल रही। इंग्लैंड के लिए सैम करन सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने तीन विकेट लिए।

सहकारिता सप्ताह के तहत संतोषगढ़ में सहकारी चौपाल आयोजित, किसानों और स्वयं सहायता समूहों को योजनाओं की दी जानकारी

पैग़ाम-ऐ-जगत/संतोषगढ़/ऊना
4 जुलाई (राजवीर चोपड़ा)

सहकारिता सप्ताह के अंतर्गत शनिवार को संतोषगढ़ में सहकारी चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र की विभिन्न सहकारी सभाओं के सचिवों, किसानों तथा स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य सहकारिता आंदोलन को मजबूत करना तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना था।

कार्यक्रम में कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड की सहायक महाप्रबंधक रमन रानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उनके साथ नगर परिषद संतोषगढ़ की पार्षद चरणजीत कौर, आयुष शर्मा, किरण बैस, बैंक प्रबंधक कुलदीप सिंह माहल, विकास शर्मा तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर वक्ताओं ने सहकारिता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सहकारी संस्थाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने और किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने किसानों तथा स्वयं सहायता समूहों से सहकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया।

चौपाल के दौरान सहकारिता मंडलय के मार्गदर्शन में संचालित राष्ट्रीय सहकारी संस्थाओं की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। विशेष रूप से स्वयं सहायता समूहों के लिए उपलब्ध वित्तीय सहायता, स्वरोजगार, ऋण सुविधाओं तथा अन्य सरकारी लाभकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया।

कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने योजनाओं से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका अधिकारियों ने विस्तारपूर्वक उत्तर दिया। उपस्थित लोगों ने ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन नियमित रूप से किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया।

प्रतिबंधित सीजन में अवैध मछली बिक्री पर मत्स्य विभाग की सख्त कार्रवाई, पांच मामलों में 8 हजार रुपये जुर्माना वसूला

ऊना, 4 जुलाई
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

जिला ऊना में मत्स्य विभाग ने प्रतिबंधित (क्लोज) सीजन के दौरान अवैध रूप से मछली बेचने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए नियमों के उल्लंघन के पांच मामलों में कुल 8 हजार रुपये का जुर्माना वसूला है।

मत्स्य विभाग के सहायक निदेशक विवेक शर्मा ने बताया कि विभाग के विशेष दस्ते ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन निरीक्षण अभियान चलाकर मछली विक्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। अभियान के दौरान अवैध रूप से मछली बिक्री के पांच मामले पाए गए, जिनमें नियमानुसार भीके पर ही कुल 8 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में मछलियों के प्रजनन काल को ध्यान में रखते हुए क्लोज सीजन लागू है। इस अवधि में मत्स्य संसाधनों के संरक्षण तथा प्राकृतिक प्रजनन प्रक्रिया को सुरक्षित बनाए रखने के लिए मछली पकड़ने और बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है।

उन्होंने कहा कि विभाग की इस कार्रवाई का उद्देश्य प्रजनन काल के दौरान मत्स्य संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित करना है। ऐसे में नियमों की अवहेलना किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी।

विवेक शर्मा ने कहा कि मत्स्य संसाधनों के संरक्षण में सभी नागरिकों, व्यापारियों तथा मछली विक्रेताओं का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी संबंधित लोगों से क्लोज सीजन के दौरान निर्धारित नियमों का पूर्णतः पालन करने की अपील की। उन्होंने बताया कि जिले में अवैध गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा भविष्य में भी इस प्रकार के औचक निरीक्षण एवं प्रवर्तन अभियान जारी रहेंगे। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

एसएसआरवीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल नया नंगल में '21वीं सदी के बच्चों को कैसे समझें' विषय पर शिक्षाप्रद सेमिनार आयोजित

पैग़ाम-ऐ-जगत/नंगल/ऊना
4 जुलाई (राजवीर चोपड़ा)

एसएसआरवीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नया नंगल में '21वीं सदी के बच्चों को कैसे समझें' विषय पर एक जागरूकता एवं शिक्षाप्रद सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का उद्देश्य बदलते समय में बच्चों की सोच, व्यवहार और आवश्यकताओं को समझते हुए अभिभावकों एवं शिक्षकों को प्रभावी मार्गदर्शन प्रदान करना था।

सेमिनार की मुख्य वक्ता श्रीमती पाहुल पदम (डिपार्टमेंट ऑफ सॉफ्ट स्किल्स, एलपीयू) तथा मुख्य वक्ता श्री सुमेर खुल्लर (ऑफिसर, दिशा, एलपीयू) रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना/प्रार्थना के साथ किया गया। अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि आज का बच्चा डिजिटल युग में मोबाइल और सोशल मीडिया के बीच बड़ा हो रहा है। उसकी सोच, सीखने का तरीका और ध्यान केंद्रित करने की क्षमता पहले की पीढ़ियों से काफी अलग है। ऐसे में अभिभावकों और शिक्षकों के सामने सबसे बड़ी चुनौती बच्चों को समझना और उन्हें सही दिशा प्रदान करना है।

सेमिनार के दौरान बच्चों के स्क्रीन टाइम को संतुलित करने, उनकी रचनात्मक एवं तार्किक सोच को विकसित करने तथा सकारात्मक संवाद के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने बताया कि बच्चे डांट-फटकार से नहीं, बल्कि प्यार, संवाद और समझदारी से बेहतर सीखते हैं। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों से बच्चों की भावनाओं को समझते हुए उनके साथ विश्वासपूर्ण संबंध बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के महाप्रबंधक श्री सुमेश शर्मा ने श्रीमती पाहुल पदम और श्री सुमेर खुल्लर का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि बदलते दौर में बच्चों का सही मार्गदर्शन करना शिक्षकों और अभिभावकों की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है तथा सभी को मिलकर इस चुनौती का सकारात्मक ढंग से सामना करना होगा।

प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री राजकीय महाविद्यालय हरोली में सोमवार से नियमित कक्षाएं होंगी शुरू

पैग़ाम-ऐ-जगत/हरोली/ऊना
4 जुलाई (राजवीर चोपड़ा)

प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री राजकीय महाविद्यालय, हरोली में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं का नियमित शिक्षण कार्य सोमवार, 6 जुलाई 2026 से प्रारंभ किया जाएगा। महाविद्यालय प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों से निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थित होने की अपील की है।

महाविद्यालय में बीए, बीकॉम, बीएससी, बीबीए, बीसीए, एमए तथा एमकॉम सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों की नियमित कक्षाएं सोमवार से विधिवत शुरू होंगी। प्रशासन ने विद्यार्थियों से समय का पालन करते हुए अध्ययन कार्य में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नियमित उपस्थिति, अनुशासन और निरंतर अध्ययन ही शैक्षणिक सफलता की कुंजी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से समय पर कक्षाओं में पहुंचकर शिक्षण गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी विद्यार्थी नियमित अध्ययन के माध्यम से उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियां प्राप्त करेंगे और महाविद्यालय की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाएंगे।

दुकान में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार, पुलिस रिमांड के दौरान नकदी बरामद

पैग़ाम-ऐ-जगत
करनाल, 04 जुलाई (प्रवीण वालिया)

जिला पुलिस करनाल की सीआईए-1 टीम ने दुकान का शटर तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मुख्य सिपाही मनोज कुमार की अध्यक्षता में कार्रवाई करते हुए टीम ने आरोपी राजेंद्र पुत्र बंटू राम निवासी शुगर मिल कॉलोनी, वार्ड नंबर-8, करनाल रोड, कैथल को जिला कुरुक्षेत्र जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया।

रिमांड के दौरान आरोपी से पूछताछ के आधार पर चोरी की रकम में से 10 हजार रुपए बरामद किए गए। रिमांड अवधि पूरी होने के बाद आरोपी को पुन माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

मामले की जांच अधिकारी ने बताया कि थाना इन्द्री में शिकायतकर्ता की शिकायत पर 18 जून 2026 को मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी गढ़ी बीरबल रोड, गुड़ा मोड़ के पास स्थित मोटर मैकेनिक की दुकान का अज्ञात चोरों ने शटर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और दुकान से ट्यूबवेल मोटर अन्य सामान चोरी कर लिया।

शिकायत के आधार पर थाना इन्द्री में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

जांच के दौरान सीआईए-1 टीम ने अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपी राजेंद्र को इस मामले में गिरफ्तार किया। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है तथा चोरी हुए शेष सामान की बरामदगी और मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी हैं।

संजीव कुमार फगवाड़ा ने तप स्थान श्री खुरालगढ़ साहिब की कार सेवा के लिए 11 हजार रुपये की सेवा भेंट की

पैग़ाम-ऐ-जगत
हरोली/ऊना, 4 जुलाई (राजवीर चोपड़ा)

फगवाड़ा के चाहल नगर निवासी श्री काला राम के सुपुत्र संजीव कुमार ने तप स्थान श्री खुरालगढ़ साहिब में चल रही कार सेवा के लिए 11,000 रुपये की सेवा भेंट की। इस अवसर पर संजीव कुमार ने तप स्थान पर जारी कार सेवा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक एवं समाजहित के कार्यों में प्रत्येक श्रद्धालु को अपनी सामर्थ्य के अनुसार योगदान देना चाहिए। उन्होंने भविष्य में भी बढ़-चढ़कर सेवा करने का संकल्प व्यक्त किया। इस दौरान बाबा नरेश सिंह जी ने संजीव कुमार एवं उनके परिवार को गुरु घर की बख्शिश स्वरूप सिरोपाओ तथा सम्मान चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उपस्थित संगत ने भी उनकी सेवा भावना की प्रशंसा करते हुए इसे अन्य लोगों के लिए प्रेरणादायक बताया।

भारत विकास परिषद् कर्ण शाखा द्वारा चलाए जा रहे माता जीजाबाई स्वरूप निखार प्रशिक्षण केंद्र में किया गया विशेष कक्षा का आयोजन

पैग़ाम-ऐ-जगत/करनाल
4 जुलाई(प्रवीण वालिया):

स्थानीय सेवाश्री आश्रम में सेवा भारती, करनाल तथा भारत विकास परिषद्, कर्ण शाखा द्वारा संचालित माता जीजाबाई स्वरूप निखार प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बहनों एवं बालिकाओं को आत्म अधिक दक्ष, आत्मविश्वासी तथा स्वावलंबी बनाने हेतु विशेष कक्षा का आयोजन किया गया।

भाविप कर्ण शाखा की अध्यक्ष डॉ. रचना चौधरी और इस स्थाई प्रकल्प की संरक्षक श्रीमती ज्योति चौधरी तथा भाविप कर्ण शाखा की टीम के द्वारा इस प्रशिक्षण केंद्र में हरियाणा की सुप्रसिद्ध रूप सज्जा विशेषज्ञ तारा कटारिया का विशेष लेक्चर रखा गया। जिसमें बहन तारा कटारिया ने बच्चियों को अत्यंत सहज एवं आत्मीय भाव से रूप सज्जा के विभिन्न कार्यों की आधुनिक कार्यप्रणाली, तकनीकों तथा व्यावहारिक अनुभवों को विस्तारपूर्वक साझा किया। प्रशिक्षण प्राप्त कर रही सभी बहनों ने पूरे मनोयोग एवं उत्साह के साथ उनकी बातों को समझा और अपने कौशल को निखारने का संकल्प लिया।

डॉ. रचना चौधरी ने बहनों को जीवन में संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कौशल के साथ-साथ उत्तम संस्कार ही व्यक्ति को समाज में सम्मान और सफलता प्रदान करते हैं।

इस प्रकल्प की संरक्षक श्रीमती ज्योति चौधरी ने रूप सज्जा प्रकल्प को ओर अधिक प्रभावी एवं उन्नत बनाने के लिए अनेक उपयोगी सुझाव दिए, जिससे भविष्य में अधिक से अधिक बहनों को इसका लाभ मिल सके।

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य, कपिल अंत्रेजा ने स्वावलंबन के विषय पर सभी बहनों से आह्वान किया कि वे अपने कौशल और परिश्रम के बल पर आत्मनिर्भर बन सकती है तथा समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

इस अवसर पर सेवा भारती के जिला पालक सुरेंद्र गोयल ने सेवा भारती द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन एवं सामाजिक समरसता के क्षेत्र में किए जा रहे विभिन्न सेवा कार्यों का विस्तृत परिचय कराया तथा सेवा के माध्यम से समाज परिवर्तन की प्रेरणा दी।

सेवाव्रती नरेश माटा ने सेवा भारती के बाल संस्कार केंद्रों की जानकारी साझा करते हुए उनके उद्देश्य एवं समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। अंत में सेवा भारती के जिलाध्यक्ष विपिन अरोड़ा ने आए हुए सभी सदस्यों व अतिथियों का धन्यवाद किया और सभी से निवेदन किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार से अपना सहयोग एवं सेवाएं निरन्तर प्रदान करते रहें।

करनाल में श्री राम एग्रो फैक्ट्री में लगी भीषण आग

पैग़ाम-ऐ-जगत
करनाल, 4 जुलाई(वालिया)

करनाल के मेरठ रोड स्थित श्री राम एग्रो फैक्ट्री में शनिवार को अचानक भीषण आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते आग ने पूरे परिसर को अपनी चपेट में ले लिया और आसमान में धुएं का घना गुबार कई किलोमीटर दूर तक दिखाई देने लगा।

आग लगते ही फैक्ट्री में मौजूद कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। कर्मचारियों ने शुरुआती स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग तेजी से फैलने के कारण वे सफल नहीं हो सके। इसके बाद तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाने के लिए राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया। पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची और सुरक्षा व्यवस्था संभालते हुए आसपास के क्षेत्र को खाली कराया।

सब-इंस्पेक्टर तरसेम सिंह ने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। बताया जा रहा है कि यह फैक्ट्री भाजपा नेता एवं हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष सतीश गुप्ता की है। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट सहित अन्य संभावित कारणों की जांच की जा रही है।आग से लाखों से लेकर करोड़ों रुपये तक के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। वास्तविक नुकसान का आकलन आग पूरी तरह बुझने और जांच पूरी होने के बाद ही किया जा सकेगा। पुलिस ने बताया कि फैक्ट्री मालिक की शिकायत के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

अवैध शराब बिक्री के मामले में आरोपी गिरफ्तार, 33 बोतल अवैध शराब बरामद

पैग़ाम-ऐ-जगत/करनाल
04 जुलाई (प्रवीण वालिया)

जिला पुलिस करनाल द्वारा अवैध शराब की तस्करी एवं बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना कुंजपुरा पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कुल 33 बोतल अवैध शराब बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि सहायक उप निरीक्षक नरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में गठित पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए परविंदर पुत्र हरबिंदर, निवासी गांव नेवल, जिला करनाल को विधि अनुसार गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 24 बोतल अवैध शराब मार्का मस्ती माल्टा, 6 बोतल तथा 6 अधे मार्का जामुन सहित कुल 33 बोतल अवैध शराब बरामद की गई।

अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम (एक्साइज एक्ट) की संबंधित धाराओं के तहत थाना कुंजपुरा, जिला करनाल में मामला दर्ज किया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी बिना किसी वैध लाइसेंस एवं परमिट के गांव नेवल स्थित चौक पर अपनी दुकान में अवैध रूप से शराब रखकर उसकी बिक्री एवं सप्लाई का कार्य कर रहा था।

पुलिस ने बरामद अवैध शराब को नियमानुसार कब्जे में लेकर जब्त कर लिया है। मामले में आगामी जांच जारी है तथा यह भी पता लगाया जा रहा है कि आरोपी अवैध शराब कहां से लाता था और किन-किन लोगों को इसकी सप्लाई करता था। जिला पुलिस करनाल ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब की बिक्री एवं तस्करी में संलिप्त किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

संस्कारों से ही बनेगा सशक्त और सुरक्षित समाज : संजीव अरोड़ा

पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर (दलजीत अज्जोहा)

भारत विकास परिषद होशियारपुर की विशेष बैठक प्रधान एवं प्रमुख समाजसेवी संजीव अरोड़ा की अध्यक्षता में हुई जिसमे विशेष तौर पर बच्चों में नैतिक संस्कारों का अभाव समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय पर विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर लायन हरीश बंगा पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 321-डी विशेष तौर पर उपस्थित हुए।

इस अवसर पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रधान संजीव अरोड़ा ने वर्तमान समय में समाज में बढ़ रही सामाजिक कुरीतियों, पारिवारिक विघटन और रिश्तों में बढ़ती दूरियों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज हमारा समाज एक ऐसे दौर से गुजर रहा है, जहां आए दिन ऐसी दुखद घटनाएं सामने आ रही हैं, जो पूरे समाज को सोचने पर मजबूर कर देती हैं। विवाह से पहले और विवाह के बाद होने वाले अपराध, पारिवारिक विवाद, घरेलू हिंसा, आत्महत्याएं, नशे की बढ़ती प्रवृत्ति तथा नैतिक मूल्यों में लगातार गिरावट इस बात का संकेत है कि हमें अपने सामाजिक और पारिवारिक मूल्यों पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है।संजीव अरोड़ा ने कहा कि आधुनिक शिक्षा और तकनीकी विकास निश्चित रूप से आवश्यक हैं, लेकिन यदि इनके साथ नैतिक शिक्षा और अच्छे संस्कार न हों, तो समाज में संतुलन बनाए रखना कठिन हो जाता है। आज कई माता-पिता अपने बच्चों को उच्च शिक्षा, आधुनिक सुविधाएं और बेहतर जीवन देने का सहनशीलता, संयम, करुणा, सेवा और पारिवारिक जिम्मेदारियों का महत्व समझाने के लिए पर्याप्त समय नहीं दे पाते।

इस अवसर पर लायन हरीश बंगा एवं लायन दविंद्र अरोड़ा पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने कहा कि भारतीय संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन और महान संस्कृतियों में से एक है, जिसने सदैव परिवार, मानवता, प्रेम, त्याग और सेवा का संदेश दिया है। आधुनिकता को अपनाना गलत नहीं है, लेकिन विदेशी संस्कृति का अंधानुकरण करते हुए अपनी जड़ों और मूल्यों को भूल जाना निश्चित रूप से चिंताजनक है।

इस अवसर पर जे. बी .वहल एवं प्रो. दलजीत सिंह ने कहा कि नई पीढ़ी को यह समझना होगा कि आधुनिक सोच और भारतीय संस्कार साथ-साथ चल सकते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों का पहला विद्यालय उनका परिवार होता है और माता-पिता उनके पहले गुरु होते हैं। यदि बचपन से ही बच्चों में सत्य, ईमानदारी, अनुशासन, दूसरों के प्रति सम्मान, महिलाओं का आदर, सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्रप्रेम जैसे गुण विकसित किए जाएं, तो वे भविष्य में एक आदर्श नागरिक बनकर समाज और देश की उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। उन्होंने अभिभावकों, शिक्षकों, धार्मिक संस्थाओं और निर्माण को भी अपनी प्राथमिकता बनाएं। स्कूलों, घरों और समाज में नैतिक शिक्षा, सांस्कृतिक गतिविधियों और सामाजिक सेवा से जुड़े कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि नई पीढ़ी सही दिशा में आगे बढ़ सके। इस अवसर पर सचिव रजिंद्र मोदगिल ने आए हुए लोगों का धन्यवाद करते हुए कहा कि यदि हम आज अपनी आने वाली पीढ़ी को अच्छे संस्कार, नैतिक मूल्य और भारतीय संस्कृति की मजबूत नींव देंगे, तो आने वाला भारत न केवल आर्थिक रूप से बल्कि सामाजिक और नैतिक रूप से भी विश्व के सामने एक आदर्श राष्ट्र के रूप में स्थापित होगा।

उन्होंने कहा कि देश की वास्तविक तरक्की केवल ऊंची इमारतों, आधुनिक तकनीक और आर्थिक विकास से नहीं, बल्कि संस्कारित, जिम्मेदार और संवेदनशील नागरिकों से होती है। इसलिए आइए, हम सभी मिलकर अपने परिवारों से ही संस्कारों की इस नई शुरुआत करें और एक सुरक्षित, सशक्त तथा आदर्श समाज के निर्माण में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। इस अवसर जे.बी. वहल, प्रो. दलजीत सिंह, शाखा बग्गा, मदन लाल महाजन, अश्वनी कुमार दत्ता, रजिंद्र मोदगिल, विनोद पसान, एच. के. नकड़ा, अजय चावला, जोगिंदर

माता मनसा देवी मंदिर में हर वर्ष आने वाले करोडों रुपये के चढावे का पिछले 10 सालों का ऑडिट होना चाहिए : ओ.पी. सिहाग

पैग़ाम-ऐ-जगत
हरियाणा/पंचकूला(दिनकर गावड़ी)

जननायक जनता पार्टी पंचकूला के जिला अध्यक्ष ओ पी सिहाग ने कहा कि पंचकूला में स्थित माता मनसा देवी मंदिर की पूरे प्रदेश सहित उत्तरी भारत में बहुत ज्यादा मान्यता है। उन्होंने कहा कि यहां साल में दो दफा बड़े पैमाने पर मेला लगता है उस वक्त लाखों श्रद्धालु इस प्राचीन मंदिर में पूजा करने तथा अपनी मन्नतें मांगने आते हैं। इसके अलावा हर रोज इस मंदिर में सैकड़ों की संख्या में लोग एवं माता को मानने वाले श्रद्धालु आते हैं। ओ पी सिहाग ने कहा कि मंदिर में आने वाले माता के भगत एवं श्रद्धालु बड़ी मात्रा में सोने चांदी के आभूषण एवं करोड़ों रुपये भेंट किए गए क्रीमती सामानों का पिछले 10 वर्षों का पूरा ऑडिट करवाना चाहिए ताकि राम मंदिर की तरह यहां भी कोई बड़ी गड़बड़ी न हो। उन्होंने कहा कि देश भर में बड़े पैमाने पर मंदिरों में आनेवाले दान एवं चढ़ावे की चोरी की खबरों ने हर जगह बड़ी खलबली मचा दी है तथा हिन्दू धर्म को मानने वाले लोगों की आस्था पर गहरी चोट पहुंची है। उन्होंने कहा कि जहां लोग धर्म के नाम पर लोगों के साथ उनकी आस्था से खिलवाड़ करते हैं उससे आम लोगों का धर्म से विश्वास उठता है इसलिए मंदिरों में आ रहे दान, चढावे

हांसी बाल भवन में अत्याधुनिक ई-लाइब्रेरी का शुभारम्भ, विद्यार्थियों को मिलेगी डिजिटल शिक्षा की नई दिशा

सर्व कल्याण मंच वहन करेगा ई-लाइब्रेरी का संपूर्ण खर्च, जिले के विद्यार्थियों को मिलेगा नि:शुल्क लाभ

पैग़ाम-ऐ-जगत
हांसी(दिनकर गावड़ी)

जिला बाल कल्याण परिषद् द्वारा बच्चों एवं युवाओं को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए शनिवार को बाल भवन परिसर में अत्याधुनिक ई-लाइब्रेरी का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर के निजी सचिव नवीन कौशिक रहे। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलितकर एवं रिबन काटकर ई-लाइब्रेरी का विधिवत उद्घाटन किया तथा बाद में बाल भवन परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवीन कौशिक ने ई-लाइब्रेरी का अवलोकन करते हुए कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की सबसे बड़ी शक्ति होती है और वर्तमान डिजिटल युग में विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक से जोड़ना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस ई-लाइब्रेरी का निर्माण सर्व कल्याण मंच द्वारा कराया जा रहा है तथा इसके संचालन एवं रखरखाव का संपूर्ण खर्च भी मंच ही वहन करेगा, जिससे हांसी जिले के विद्यार्थी बाल भवन में आकर आधुनिक डिजिटल सुविधाओं का नि:शुल्क लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

उन्होंने कहा कि ई-लाइब्रेरी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री, ऑनलाइन शिक्षण संसाधन, ई-बुक्स तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराएगी। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे इस सुविधा का अधिकतम लाभ उठाते हुए नियमित अध्ययन, अनुशासन, कठिन परिश्रम एवं सकारात्मक सोच को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। उन्होंने जिला बाल कल्याण परिषद् की इस अभिनव पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में मील का पत्थर सिद्ध होंगे।

जिला बाल कल्याण अधिकारी ओमप्रकाश बिबयान ने बताया कि जिला बाल कल्याण परिषद् सदैव बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर कार्य करती रही है। उन्होंने कहा कि उपायुक्त एवं जिला बाल कल्याण परिषद् के अध्यक्ष राहुल नरवाल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यकारिणी की बैठक में सर्व कल्याण मंच को बाल भवन में ई-लाइब्रेरी स्थापित करने की स्वीकृति प्रदान की गई थी। उपायुक्त के मार्गदर्शन एवं निर्देशों के अनुरूप आज यह आधुनिक ई-लाइब्रेरी विद्यार्थियों को समर्पित की गई है।

उन्होंने कहा कि यहां विद्यार्थियों को इंटरनेट सुविधा, विभिन्न विषयों से संबंधित डिजिटल अध्ययन सामग्री, ऑनलाइन शिक्षण संसाधन तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। इससे विद्यार्थियों के ज्ञान, कौशल एवं तकनीकी दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह ई-लाइब्रेरी जिले के विद्यार्थियों के लिए ज्ञान, नवाचार और प्रेरणा का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगी।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों को जिला बाल कल्याण परिषद् की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। अंत में जिला बाल कल्याण अधिकारी ओमप्रकाश बिबयान ने सभी अतिथियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, सर्व कल्याण मंच के पदाधिकारियों, सहयोगी संस्थाओं, मीडिया प्रतिनिधियों एवं उपस्थित विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि परिषद भविष्य में भी बच्चों के हित में ऐसे नवाचारपूर्ण एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी।

इस अवसर पर सर्व कल्याण मंच के प्रधान रविंद्र अत्री, कार्यक्रम अधिकारी मोनिका, प्रधान अभय राम आह्वान, जयप्रकाश नीलिया, रामलाल नीलिया, कर्मबीर , वेदप्रकाश, महावीर, धर्मवीर सुपरवाइजर, नरेश उमरा व जिला बाल कल्याण परिषद् के आजीवन सदस्य, गणमान्य नागरिक, शिक्षाविद, कर्मचारी, सर्व कल्याण मंच के पदाधिकारी तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जिला रेड क्रॉस का विशेष कदम, 'प्रोजेक्ट पहचान' की शुरुआत

पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

डिप्टी कमिश्नर-कम-अध्यक्ष जिला रेड क्रॉस सोसायटी आशिका जैन के नेतृत्व में जिले की लड़कियों और महिलाओं के सशक्तिकरण एवं आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष पहल के तहत 'प्रोजेक्ट पहचान' की शुरुआत की गई है। यह परियोजना उषा सांगवान के विशेष सहयोग से शुरू की गई है, जो सोनालिका ग्रुप के संस्थापक डॉ. लक्ष्मण दास मित्तल की पुत्री हैं तथा भारतीय जीवन बीमा निगम के इतिहास में पहली महिला प्रबंध निदेशक रहने का गौरव प्राप्त कर चुकी हैं।

उषा सांगवान देश की अग्रणी महिला कारोबारी हस्तियों में शामिल हैं। उनका नाम विश्व प्रसिद्ध फोर्ब्स की एशिया की 50 सबसे प्रभावशाली महिलाओं की सूची में शामिल हो चुका है। इसके अलावा वह नीति आयोग के महिला सशक्तिकरण कार्यक्रमों से भी सक्रिय रूप से जुड़ी हुई हैं। उनके मार्गदर्शन और प्रेरणा से शुरू किए गए इस प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर उन्हें आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त करना है।

जिला रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव मंगेश सूद ने बताया कि 'प्रोजेक्ट पहचान' का प्रमुख उद्देश्य महिलाओं और युवतियों के बीच स्टार्ट-अप संस्कृति को बढ़ावा देना है। इसके तहत रेड क्रॉस वोकेशनल लर्निंग सेंटर की पांच प्रतिभाशाली एवं जरूरतमंद छात्राओं मनीषा, हरप्रीत कौर, मोनिका, अमृत और काजल को घर से ही स्वरोजगार शुरू करने के लिए मोटराइज्ड एंब्रेला मशीन, इंटरलॉक मशीन, स्टीम प्रेस और आयरन प्रेस उपलब्ध करवाई गई हैं। इन मशीनों की सहायता से ये छात्राएं घर बैठे ही अपनी आजीविका अर्जित कर सकेंगी और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ेंगी।

इस अवसर पर रेड क्रॉस अस्पताल भलाई सेक्शन के वाइस चेयरमैन राजीव बजाज सहित रेड क्रॉस की टीम के सदस्य भी उपस्थित रहे। संयुक्त सचिव आदित्य राणा ने बताया कि 'प्रोजेक्ट पहचान' के अलावा रेड क्रॉस द्वारा सोनालिका समूह के सहयोग से 'सुई धागा' नामक एक अन्य महत्वाकांक्षी परियोजना भी शुरू की गई है। इस परियोजना के तहत रेड क्रॉस परिसर में आधुनिक इंटरलॉक, इलास्टिक, बटन और काज मशीनें स्थापित की गई हैं, जिनका उपयोग फैशन डिजाइनिंग का कौशल रखने वाली जरूरतमंद महिलाएं पेशेवर कार्यों के लिए कर सकेंगी।

उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस और सोनालिका समूह का यह संयुक्त प्रयास जिले की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त, आत्मनिर्भर और स्वरोजगार के प्रति प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा तथा महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।

मतदान के दिन रजिस्टर्ड दुकानों एवं प्रतिष्ठानों के कर्मचारियों को मिलेगा सवेतन अवकाश : जिला निर्वाचन अधिकारी

पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

डिप्टी कमिश्नर-कम-जिला निर्वाचन अधिकारी आशिका जैन ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग, पंजाब की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार नगर निगम होशियारपुर के आम चुनाव-2026 के लिए मतदान 5 जुलाई 2026 को कराया जाएगा।

उन्होंने बताया कि चुनाव प्रक्रिया में अधिक से अधिक मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा रजिस्टर्ड दुकानों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत उन कर्मचारियों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से पंजाब सरकार द्वारा विशेष प्रावधान किए गए हैं, जो संबंधित स्थानीय निकायों के राजस्व क्षेत्राधिकार के अंतर्गत मतदाता के रूप में रजिस्टर्ड हैं।



डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि पंजाब दुकान एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठान अधिनियम, 1958 की धारा 10 की उपधारा (1) तथा इस संबंध में प्राप्त अन्य शक्तियों का प्रयोग करते हुए पंजाब के राज्यपाल ने राज्य के रजिस्टर्ड दुकानों एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत ऐसे कर्मचारियों को, जो नगर निगम होशियारपुर के मतदाता हैं, 5 जुलाई 2026 को मतदान के दिन उक्त अधिनियम की धारा 10 की उपधारा (1) के प्रावधानों से छूट प्रदान की है, ताकि वे अपने मताधिकार का स्वतंत्र रूप से प्रयोग कर सकें।

उन्होंने स्पष्ट किया कि 5 जुलाई 2026 (रविवार) को मतदान के लिए दिया गया यह अवकाश कर्मचारियों के साप्ताहिक अवकाश के स्थान पर मान्य नहीं होगा। यदि किसी कर्मचारी का साप्ताहिक अवकाश 5 जुलाई से 11 जुलाई 2026 के बीच निर्धारित है, तो 5 जुलाई को मतदान दिवस के कारण उसे 'क्लोज्ड डे' अथवा साप्ताहिक अवकाश का विकल्प नहीं माना जाएगा। डिप्टी कमिश्नर-कम-जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी पात्र मतदाताओं से लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए 5 जुलाई को अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करने की अपील की।

पंजाब में लॉन्च हुआ 'घर घर सोलर' कैंपेन

अमृतसर, 4 जुलाई
(पैग़ाम-ऐ-जगत)

पंजाब में अपने प्रमुख अभियान 'घर घर सोलर' कैंपेन की आज टाटा पावर सोलरूफ ने शुरुआत की। इसके साथ ही टाटा पावर बैटरी स्टोरेज समाधान भी पेश किए गए हैं, जो पूरे राज्य में स्वच्छ, विश्वसनीय और किफायती ऊर्जा तक पहुंच को मजबूत करेंगे।

यह अभियान पंजाब के आवासीय उपभोक्ताओं, व्यवसायों और कृषि समुदायों की बदलती ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य एक एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा इकोसिस्टम बनाना है जो ऊर्जा उत्पादन, स्टोरेज और खपत का समर्थन करता है। नवीन तकनीक, फाइनेंसिंग सहायता और स्थानीय सामुदायिक भागीदारी को एक साथ लाकर, टाटा पावर का लक्ष्य शहरी, अर्ध-शहरी और ग्रामीण बाजारों में स्वच्छ, अधिक टिकाऊ और आत्मनिर्भर ऊर्जा समाधानों की ओर संक्रमण को तेज करना है।

सीईओ और एमडी, डॉ. प्रवीर सिन्हा ने कहा,

'अभियान के माध्यम से, हम एक ऐसा व्यापक इकोसिस्टम बना रहे हैं जो रूफटॉप सोलर, बैटरी स्टोरेज और सुलभ फाइनेंसिंग समाधानों को एक साथ लाता है, जिससे उपभोक्ता अधिक आत्मविश्वास के साथ स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन, स्टोरेज और उपयोग कर सकें।'

बिजली की बढ़ती खपत, स्थिरता के प्रति बढ़ती जागरूकता और दीर्घकालिक ऊर्जा लागत को कम करने की आवश्यकता के चलते पंजाब में रूफटॉप सोलर अपनाने के प्रति रुचि लगातार बढ़ रही है। राज्य की मजबूत कृषि अर्थव्यवस्था, बढ़ती आवासीय मांग और ऊर्जा स्वतंत्रता पर बढ़ता ध्यान इसे वितरित नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों के लिए एक प्रमुख बाजार बनाते हैं।

इस गति और 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' के तहत रूफटॉप सोलर को अपनाने की बढ़ती दर का लाभ उठाते हुए, टाटा पावर सोलर रूफटॉप अगले तीन वर्षों में 1 लाख से अधिक उपभोक्ताओं के लिए सोलर इंस्टॉलेशन की सुविधा प्रदान करके पंजाब में सोलर अपनाने की प्रक्रिया का विस्तार करने की योजना बना रहा है। इससे संचयी रूप से लगभग 500+ मेगावाट-पीक रूफटॉप सोलर क्षमता का योगदान मिलेगा। यह पहल भारत सरकार के रूफटॉप सोलर कार्यक्रम की पूरक है, जिसके तहत घर 1 किलोवाट सिस्टम के लिए 30,000, 2 किलोवाट सिस्टम के लिए 60,000 और 3 किलोवाट या उससे अधिक के सिस्टम के लिए 78,000 तक की सब्सिडी के पात्र हैं, जिससे स्वच्छ ऊर्जा को अपनाना काफी किफायती हो जाता है।

पीएनबी के पूर्व निदेशक राजेंद्र कुमार की ओर से राष्ट्रीय स्तर के फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम पर विचार साझा किए

पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर/दलजीत अजनोहा

पूर्व पीएनबी निदेशक श्री राजेंद्र कुमार भाटिया ने एक विशेष बैठक के दौरान बताया कि उन्हें ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन, ग्राफिक एरा हिंदू यूनिवर्सिटी और आईसीआरसी द्वारा 30 जून से 1 जुलाई तक आयोजित होने वाले 2-दिवसीय राष्ट्रीय स्तर के फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम (केस टीचिंग/केस डेवलपमेंट) में भाग लेने का अवसर मिला। इस कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय और संसाधन व्यक्ति, आदरणीय मैडम अनूजा पांडे - हेड, आईसीटीसी, एआईएमए नई दिल्ली द्वारा बहुत प्रभावी ढंग से सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक करवाया गया।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न क्षेत्रों के पीएच.डी. वरिष्ठ प्रोफेसर भी उपस्थित थे, जो विभिन्न विषयों और क्षेत्रों में निपुण हैं। उनके साथ कक्षाओं में बैठकर श्री भाटिया ने बहुत कुछ सीखने का अनुभव प्राप्त किया। उन्हें विश्वविद्यालय के निदेशक से मिलने का भी अवसर मिला। विश्वविद्यालय द्वारा किए गए सभी प्रबंध सराहनीय थे।

यहां विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि श्री राजेंद्र कुमार भाटिया पीएनबी बैंक में रहते हुए मैनेजर, पीएनबी आरएसईटीआई निदेशक, अखिल भारतीय अध्यक्ष पीएनबी एससी/एसटी ईडब्ल्यूए, सर्कल सचिव एआईपीएनबीओए जैसे पदों पर रहे हैं। वर्तमान में वे अपने गांव की बाबा साहिब डॉ. भीम राव अम्बेडकर वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष भी हैं। वे लगातार अपने गांव के बच्चों को पढ़ाई और मेहनत के माध्यम से जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते रहते हैं।

योगासन स्पोर्ट्स को खेल विभाग में शामिल करने का ऐतिहासिक निर्णय

पैगाम -ऐ -जगत/रतिया, 4 जुलाई
(एडवोकेट गुरप्रीत सिंह मंडेर)

- **प्रथम विश्व योगासन प्रतियोगिता में भारत की गौरवशाली उपलब्धि ने बढ़ाया देश का मान: आर्य**

हरियाणा सरकार द्वारा योगासन स्पोर्ट्स को आयुष विभाग के स्थान पर खेल विभाग के अंतर्गत शामिल किए जाने के ऐतिहासिक निर्णय तथा 'मन की बात' में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा योगासन की वैश्विक उपलब्धियों के उल्लेख पर योग जगत में उत्साह है। पतंजलि योग समिति व भारत स्वाभिमान हिसार मंडल प्रभारी मदन गोपाल आर्य तथा जिला मीडिया प्रभारी सुरेश मंगला ने कहा कि यह निर्णय प्रदेश के लाखों योगासन खिलाड़ियों,प्रशिक्षकों और युवाओं के लिए ऐतिहासिक कदम है। इससे योगासन स्पोर्ट्स को नई पहचान और नई ऊँचाइयाँ मिलेंगी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि योग जीवन-पद्धति और स्वास्थ्य की भारतीय परंपरा है,जो पूर्वतन आयुष विभाग में ही संचालित होगी। केवल प्रतियोगितात्मक योगासन को खेल के रूप में खेल विभाग में शामिल किया गया है। यह निर्णय योग की मूल भावना को बनाए रखते हुए खेल के विकास के लिए मील का पत्थर है। खेल विभाग में शामिल होने से खिलाड़ियों को आधुनिक प्रशिक्षण, बेहतर सुविधाएँ, नियमित प्रतियोगिताएँ, छात्रवृत्तियाँ और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभा दिखाने के अवसर मिलेंगे। दोनों पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी,खेल मंत्री व प्रदेश सरकार का आभार जताया। कहा कि इस निर्णय से हरियाणा में योग और योगासन को नई गति मिलेगी और युवाओं में स्वास्थ्य व खेल के प्रति नई ऊर्जा आएगी। उन्होंने कहा कि भारत स्वाभिमान न्यास,पतंजलि योग परिवार व योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन वर्षों से योग को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य कर रहे हैं। सरकार के इस निर्णय से प्रदेश की प्रतिभाओं को नई उड़ान मिलेगी।

'मन की बात' में अहमदाबाद में हुई प्रथम विश्व योगासन चैंपियनशिप में भारत द्वारा 114 पदक, जिनमें 102 स्वर्ण हैं,जीतने का उल्लेख पूरे देश के लिए गौरव की बात है। यह योगासन को वैश्विक खेल बनाने की दिशा में बड़ा प्रमाण है। दोनों ने विश्व योगासन परिवार, खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों व सहयोगियों को बधाई देते हुए कहा कि सभी मिलकर योग की इस विरासत को विश्व तक पहुँचाने का संकल्प लें।

होशियारपुर नगर निगम चुनाव-2026

आईएएस अधिकारी डॉ. सेनू दुग्गल चुनाव ऑब्जर्वर एवं आईपीएस अधिकारी गुरप्रीत सिंह पुलिस ऑब्जर्वर नियुक्त

पैग़ाम-ऐ-जगत/होशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर निगम होशियारपुर चुनाव-2026 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की नियुक्ति की है। आयोग की ओर से आईएएस अधिकारी डॉ. सेनू दुग्गल को चुनाव ऑब्जर्वर तथा आईपीएस अधिकारी गुरप्रीत सिंह को पुलिस ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है। चुनाव ऑब्जर्वर के रूप में डॉ. सेनू दुग्गल चुनाव प्रक्रिया की निगरानी करने के साथ-साथ निर्वाचन संबंधी व्यवस्थाओं पर नजर रखेंगे और चुनाव से जुड़ी शिकायतों एवं अन्य मामलों का संज्ञान लेंगे। उनका कैंप कार्यालय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस, सिविल लाईंस, होशियारपुर में स्थापित किया गया है। चुनाव प्रक्रिया से संबंधित किसी भी शिकायत अथवा जानकारी के लिए उनसे मोबाइल नंबर 94787-84338 पर संपर्क किया जा सकता है। वहीं, पुलिस ऑब्जर्वर के रूप में गुरप्रीत सिंह चुनाव के दौरान कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा प्रबंधों की निगरानी करेंगे। इसके अलावा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस व्यवस्थाओं और सुरक्षा इंतजामों का लगातार निरीक्षण भी उनके जिम्मे रहेगा। गुरप्रीत सिंह का कैंप कार्यालय भी पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस, सिविल लाईंस, होशियारपुर में स्थापित किया गया है। जिला निवासी तथा

ग़ज़ल

दर्द है 'हल्का-सा' मगर हो रहा है,
दिल किसी याद में बिखर रहा है।
ये रात चुप है, चाँद भी खामोश है,
आँख का खुवाब पत्थर हो रहा है।
यूं तो वक्त की ठंडी हवाएँ कह गईं,
हर सफ़र अब मुश्किल हो रहा है।
तेरी आवाज की मीठी-सी गूँज से,
ये घर का कोना मुनव्वर हो रहा है।
कुछ 'दुआएँ' साथ चलती हैं अभी,
वरन जीना भी तो दुश्वार हो रहा है।
अभी लोग कहते हैं सभी अच्छा है,
मन मगर अंदर ही अंदर 'रो' रहा है।
इस दर्द को हँसकर छुपाने की अदा,
आदमी को और बेहतर कर रही है।
हाँ, दर्द है हल्का-सा मगर हो रहा है,
यूं दिल किसी याद में बिखर रहा है।

संजय एम तराणेकर, (कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)
(स्व-रचित, मौलिक व अप्रकाशित)

ਅਦਾਰਾ
"ਪੈਗ਼ਾਮ-ਏ-ਜਗਤ" ਅਖਬਾਰ ਲਈ
ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਵੱਖ-ਵੱਖ ਸ਼ਹਿਰਾਂ ਤੋਂ

विमुक्त घुमंतू परिवारों के शिष्ट मंडल ने अपनी समस्याओं सम्बन्धी खन्ना को सौंपा ज्ञापन

नट-मदारी परिवारों को जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने हेतु विशेष शिविर लगाने की मांग

पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर/दलजीत अजनोहा

प्रमुख जन कल्याण चैरिटेबल ट्रस्ट, पालनपुर जिला बनासकांठा, गुजरात ने पूर्व सांसद अविनाश राय खन्ना से भेंट कर गढ़शंकर तहसील के ग्राम चकरोहता में पिछले लगभग 30-35 वर्षों से निवास कर रहे नट-मदारी समुदाय के परिवारों को जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध करवाने के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जाने की मांग उठाई है। उन्होंने खन्ना को बताया कि नट-मदारी समुदाय विमुक्त एवं घुमंतू जनजातियों (एन.टी-डी.एन.टी) से संबंधित है, जिसके सदस्य देश के विभिन्न राज्यों जैसे गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली तथा मध्य प्रदेश में निवास करते हैं। यह समुदाय परंपरागत रूप से जड़ी-बूटियों, देशी औषधियों तथा पूर्वजों से प्राप्त पारंपरिक चिकित्सा ज्ञान के माध्यम से आजीविका अर्जित करते हैं। समुदाय के अनेक परिवार वर्षों से पंजाब में निवास कर रहे हैं, किंतु जाति प्रमाण पत्र के अभाव में वे अपनी सामाजिक पहचान स्थापित करने तथा विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने से वंचित हैं।

ऐसे में इन परिवारों के लिए जाति प्रमाण पत्र जारी किया जाना अत्यंत आवश्यक है। प्रमुख जन कल्याण चैरिटेबल ट्रस्ट ने खन्ना को मांगपत्र सौंपते हुए आग्रह किया है कि सम्बंधित सरकारों से तालमेल बिठाकर विशेष शिविर आयोजित किए जाएं, ताकि नट-मदारी समुदाय के पात्र परिवारों को जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए जा सकें। इस मौके खन्ना के साथ एस. पी. दीवान भी उपस्थित थे।

होशियारपुर नगर निगम चुनाव: रविवार सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक होगा मतदान

पैग़ाम-ऐ-जगत
होशियारपुर (दलजीत अजनोहा)

- **जिला प्रशासन की ओर से चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न करवाने के लिए पुख्ता इंतजाम**

राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से रविवार (5 जुलाई) को नगर निगम होशियारपुर की चुनाव प्रक्रिया को लेकर जिला प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

डिप्टी कमिश्नर-कम- जिला निर्वाचन अधिकारी आशिका जैन ने बताया कि रविवार सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक ईवीएम के माध्यम से वोट डाले जाएंगे।

जिला प्रशासन द्वारा सुचारू और पारदर्शी तरीके से वोटिंग करवाने के लिए किए गए प्रबंधों के बारे में जानकारी देते हुए डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि वोटर कार्ड के साथ मतदाता अपनी वोट डाल सकेंगे। यदि 219 उम्मीदवार इन चुनावों में लड़ रहे हैं।

उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग की हिदायतों के अनुसार वोटिंग के बाद ही उसी पोलिंग बूथ पर वोटों की गिनती शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अमन-कानून की व्यवस्था के लिए जिला पुलिस द्वारा निर्धारित संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं, ताकि पूरा चुनावी काम सुचारू रूप से संपन्न किया जा सके। डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि वोटर कार्ड कार्ड/नीला कार्ड, फोटो वाला असला लाइसेंस, फोटो वाला पेंशन दस्तावेज, स्वतंत्रता सेनानियों पहचान पत्र (फोटो सहित), बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटो वाली पासबुक दिखाकर वोट डाल सकेंगे। इसी प्रकार ऐसे मतदाता श्रम मंत्रालय द्वारा जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों या विधायकों को जारी पहचान पत्र, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा जारी यू.डी.आई.डी. कार्ड, केंद्र और राज्य सरकार के अधिकारियों/कर्मचारियों को जारी विभागीय पहचान पत्र तथा विद्यार्थियों को मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थानों द्वारा जारी फोटो वाला पहचान पत्र दिखाकर वोट डाल सकेंगे।